# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

विश्व विरासत दिवस प्रत्येक वर्ष उन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 18 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है, जो भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित किए जाने योग्य है. हमें एक भारतीय विरासत स्थल के बारे में बताएं जिसे आप सबसे अधिक संजोते है और क्यों यह आपके दिल में एक विशेष स्थान रखता है. यह एक ऐतिहासिक स्मारक, एक प्राकृतिक स्थल या कोई अन्य स्थान हो सकता है जो भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है.

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को **19/4/2023** तक **writetous.en@gmail.com** पर भेजें, जो **200 से 250** शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना **नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर** का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को **एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/ रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 29 अप्रैल-5 मई 2023) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/ आजकल की प्रतियां तीन महीने तक निःशुल्क भेजी जाएंगी.**